यौन आक्रमण क्या होता है?

यौन प्रकृति के ऐसे किसी भी व्यवहार को यौन आक्रमण कहते हैं, जो अवांछित होता है या जिसके कारण आपको भयभीत या असहज महसूस होता है।

यौन आक्रमण में निम्नलिखित प्रकार के व्यवहार शामिल होते हैं:

- यौन उत्पीड़न
- अवांछित स्पर्श या सहलाना
- अनुचित विचारयुक्त व्यवहार या टिप्पणियाँ
- अनुचित प्रदर्शन
- बलात्कार
- सगोत्र यौन-संबंध

यदि आप यौन उत्पीड़न के/की पीड़ित/पीड़िता/उत्तरजीवी हैं, तो इसमें आपका दोष नहीं है।

यह हमेशा उस व्यक्ति की ही जिम्मेदारी होती है, जिसने आपके ऊपर आक्रमण किया है।

यौन आक्रमण आधारभूत मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है, और इस कारणवश यह व्यक्ति-विशेष और समाज के विरुद्ध एक अपराध है।

हम सहायता कर सकते हैं

- जानकारी, समर्थन और परामर्श विकल्पों के बारे में बात करने के लिए हमें 9216 0444 पर कॉल करें।
- हमारे पास अनेक प्रकार के सहायक सूचना पत्रक उपलब्ध हैं, जिन्हें हमारी वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है।
- 12 वर्ष की आयु से कम बच्चों की सेवाओं के लिए रॉयल चिल्ड्रेंस अस्पताल में स्थित Gatehouse Centre को 9345 6391 पर फोन करें।

  Gatehouse MDC, Werribee में परामर्श भी उपलब्ध कराता है।

हमसे संपर्क कैसे करें:

हम *Multi-Disciplinary Centre (MDC)* में स्थित हैं
236 Hoppers Lane, Werribee, VIC 3030.
(मेलवेज़ नक्शा संदर्भ: *206 J4*)

जनपरिवहन मार्गों के विवरण के लिए कृपया जनपरिवहन विक्टोरिया (*Public Transport Victoria*) को *1800 800 007* पर फोन करें।

WestCASA
Western Region Centre Against Sexual Assault Inc
एबीएन 29 351 352 921
236 Hoppers Lane, Werribee, VIC 3030.
फैक्स: 9216 0440

WestCASA
Western Region Centre Against Sexual Assault

एक परामर्श सेवा, जिसका उद्देश्य यौन आक्रमण के/की पीड़ितों/पीड़िताओं/उत्तरजीवियों के लिए उपचार और हमारे समाज में यौन हिंसा के उन्मूलन की दिशा में काम करना है।

wyndham mdc

Multi-Disciplinary Centre (मल्टी-डिसिप्लिनरी सेंटर) - Werribee

परामर्श **9216 0444**

कार्यकाल के बाद यौन आक्रमण संकटकालीन लाइन
1800 806 292

व्यवस्थापक **9216 0411**

www.westcasa.org.au

info@westcasa.org.au

सोम-शुक्र, सुबह 9बजे - शाम 5बजे

WestCASA की सेवाएँ 12 वर्ष और इससे अधिक आयु के सभी लोगों और यौन आक्रमण के/की पीड़ित/पीड़िता/उत्तरजीवी लोगों के लिए उपलब्ध हैं।

WestCASA की सेवाएँ सभी लिंगों, लैंगिक रुझानों, संस्कृतियों, धर्मों और क्षमताओं के लोगों के लिए उपलब्ध हैं।

"आपको तुरंत अपनेपन और भरोसे का एहसास होता है।"

"यहाँ कुछ भी बेढंगापन या संरक्षकात्मक दृष्टिकोण महसूस नहीं होते हैं।"

"यहाँ का परिवेश शांतिपूर्ण और सुरक्षित है।"

WestCASA पीड़ितों/पीड़िताओं/उत्तरजीवियों के निम्नलिखित अधिकारों के प्रति सम्मान के आधार पर स्थापित किया गया है:

- आपका पक्ष सुना जा सके
- आपके ऊपर विश्वास किया जाए
- आपके साथ गरिमामय व्यवहार किया जाए
- आप आवश्यकतानुसार दुभाषिए के माध्यम से अपनी भाषा में संवाद कर सकें
- आपके साथ संवेदनशीलता और समझ के साथ व्यवहार किया जाए
- आपके पास अपने विकल्पों पर नियंत्रण हो
- आपको अपने विकल्पों के बारे में प्रासंगिक जानकारी दी जाए
- आपकी गोपनीयता और निजता बनाए रखी जाए।

WESTCASA निम्नलिखित सेवाएँ प्रदान करता है:

परामर्श

यौन आक्रमण के/की पीड़ितों/पीड़िताओं/उत्तरजीवियों के लिए सुरक्षित और गोपनीय परिवेश में मध्यम अवधि के लिए परामर्श।

ऐसे परिजनों, सहजीवियों और दोस्तों के लिए परामर्श, जो इस यौन अपराध में शामिल नहीं हैं। सभी परामर्श नि:शुल्क है।

WestCASA के सभी सलाहकर्ताओं को यौन आक्रमण के/की पीड़ितों/पीड़िताओं/उत्तरजीवियों के साथ काम करने के लिए विशेषज्ञ प्रशिक्षण और अनुभव प्राप्त है।

Werribee में स्थित Multi-Disciplinary Centre (मुख्यालय), Footscray और Melton में एपॉइंटमेंट दिए जाते हैं।

विक्टोरियाई कार्यकाल-उपरांत संकटकालीन लाइन (Victorian After Hours Sexual Assault Crisis Line) से कार्यकाल की अवधि के बाद समर्थन प्राप्त करने के लिए:
1800 806 292 / 9216 0444.

पक्ष-समर्थन

आपकी आवश्यकताओं को समर्थन देने के लिए कानूनी विकल्पों, अन्य संसाधनों या सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान की जाती है।

आपके स्वास्थ्य-लाभ में सहायता और समर्थन देने के लिए अन्य सेवाओं के लिए संदर्भ।

परामर्श

अन्य व्यावसायिकों को द्वितीयक और नैदानिक परामर्श प्रदान किया जाता है, ताकि वे यौन आक्रमण के पीड़ितों/पीड़िताओं/उत्तरजीवियों को अधिकतम गुणवत्ता की देखभाल प्रदान कर सकें।

शिक्षा और प्रशिक्षण

समुदाय को जानकारी और शिक्षा प्रदान की जाती है और पश्चिमी क्षेत्र में स्थित व्यावसायिकों, समूहों और एजेंसियों के लिए अनुकूलित कार्यशालाएँ और प्रशिक्षण सत्र उपलब्ध हैं।

टेलीफोन परामर्श और इनटेक

इनटेक कर्मी सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9.30बजे से लेकर 4.30बजे के बीच उपलब्ध रहता है।

इनटेक कर्मी फोन पर जानकारी और समर्थन प्रदान कर सकता है। अपने परामर्श के विकल्पों के बारे में चर्चा करने के लिए आपको इनटेक कर्मी से बात करने की आवश्यकता होगी।

सामूहिक कार्य

पूरे वर्ष-भर अनुभवी सुविधाप्रदाताओं द्वारा अनेक समर्थन समूह चलाए जाते हैं।

शरीर-आधारित चिकित्साएँ

वर्तमान में इस सेवा में परामर्श प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को दो अनुभवी व्यावसायिकों द्वारा आघात-सूचित योग और शियास्तु सत्र प्रस्तुत किए जाते हैं। ये कार्यक्रम समय-समय पर पूरे वर्ष-भर चलाए जाते हैं।

संकटकालीन देखभाल

हम हाल में घटित यौन आक्रमणों के लिए संकटकालीन प्रतिक्रिया उपलब्ध कराते हैं। ये संकटकालीन देखभाल इकाइयाँ सनशाइन अस्पताल और Werribee MDC में स्थित हैं।

सनशाइन-स्थित इकाई संकटकालीन परामर्श और समर्थन की आवश्यकता वाले यौन आक्रमण पीड़ितों/पीड़िताओं/उत्तरजीवियों के लिए 24 घंटे उपलब्ध WestCASA संपर्क उपलब्ध कराती है।

WestCASA विक्टोरिया पुलिस (Victoria Police), विक्टोरियाई न्यायिक चिकित्सा संस्थान (Victorian Institute of Forensic Medicine) और Western Health के साथ साझेदारी में एक ऐसा सुरक्षित और शांतिपूर्ण परिवेश निर्मित करने के लिए काम करता है, जहाँ पीड़ितों/पीड़िताओं/उत्तरजीवियों को कानूनी प्रक्रियाओं और चिकित्सीय देखभाल के बारे में जानकारी और विकल्प प्राप्त हो सके।